महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या-1/2017/644 /एक-2-2017-रा0-2/1(सामान्य)/2017

प्रेषक,

राजीव कुमार,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
   (गृह/लोक निर्माण/सिंचाई/वन/नगर विकास/आवास एवं शहरी नियोजन/
   भूतत्व एवं खनिकर्म/पंचायती राज/कृषि/मत्स्य/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/वाणिज्य
   कर/आबकारी /समाज कल्याण /खाद्य एवं रसद /सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग/
   परिवहन/बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा/औद्योगिक विकास)
   उत्तर प्रदेश शासन ।
2. समस्त मंडलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश ।
3. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश ।

राजस्व अनुभाग -2 **लखनऊ: दिनांक 17 अगस्त, 2017**

बिषय:- विभिन्न स्तरों पर गठित एन्टी भू-माफिया टास्क फोर्स द्वारा कृत कार्यवाही की सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त बिषय के संबंध में अवगत कराना है कि भूमि के अवैध कब्जे/अतिक्रमण से सम्बन्धित शिकायतों पर कार्यवाही के लिए शासनादेश संख्या-402/1-2-2017-1(सामान्य) /2017, दिनांक 01-05-2017 जारी किया गया है तथा तद्क्रम में राजस्व परिषद द्वारा परिषदादेश संख्या-आर 1082/जी-5-01अति0/2017, दिनांक 08-05-2017 को जारी किया गया है । उक्त शासनादेश द्वारा क्रमशः राज्य स्तर, मण्डल स्तर, जनपद स्तर एवं तहसील स्तर पर एन्टी भू-माफिया टास्क फोर्स गठित किया गया है। अवैध कब्जों/अतिक्रमण से सम्बन्धित शिकायतों का अनुश्रवण अन्तरिम व्यवस्था के तहत आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर किया जा रहा था एवं सूचना प्राप्त करने हेतु शासनादेश संख्या-504/1-2-2017-1(सामान्य)/2017, दिनांक 20-05-2017 द्वारा 24 प्रपत्र निर्धारित किये गये थे । इसी क्रम में शासनादेश संख्या-515/1-2-

http://shasanadesh.up.nic.in

2017-1(सामान्य)/2017, दिनांक 08-06-2017 द्वारा प्रपत्र -'अ' , 'ब', 'स' पर सूचना प्राप्त की जा रही है ।

2- उल्लेखनीय है कि भू-माफियाओं एवं अतिक्रमणकर्ताओं से सम्बन्धित शिकायतें समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होती है। अतः निर्णय लिया गया है कि भू-माफियाओं से सम्बन्धित समस्त शिकायतें/प्रकरण एन्टी भू-माफिया पोर्टल पर ही दर्ज कराये जाए । भू-माफिया से सम्बन्धित शिकायतें/प्रकरण जो जिलाधिकारी अथवा मण्डलायुक्त को जनसुनवाई के दौरान दिए जाते हैं अथवा शिकायतें/प्रकरण जो सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील स्तर पर प्राप्त होती है अथवा शिकायतें/प्रकरण जो मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय में अथवा शासन/विभागाध्यक्ष स्तर पर अथवा सीधे आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होती है, उन सभी शिकायतों का विवरण एन्टी भू-माफिया पोर्टल पर ही दर्ज किया जाए तथा ऐसे समस्त प्रकरणों में कृत कार्यवाही की सूचना भी सम्बन्धित विभाग द्वारा उक्त पोर्टल पर ही अंकित की जाए । इस व्यवस्था से भू-माफिया सम्बन्धी प्रकरणों में कृत कार्यवाही की समेकित रूप से समीक्षा की जा सकेगी तथा इन प्रकरणों में कृत कार्यवाही का समस्त विवरण पोर्टल पर ही उपलब्ध होने के फलस्वरूप समीक्षा हेतु विभिन्न जनपदों/विभागों से सूचना एकत्र करने की आवश्यकता भी नहीं रह जायेगी । सभी सूचनायें रियल टाइम बेसिस (REAL TIME BASIS) पर पोर्टल पर उपलब्ध होने के कारण शासन/विभागाध्यक्ष/मंडलायुक्त/जिलाधिकारी स्तर पर इन सूचनाओं का समय-समय पर अवलोकन किया जा सकेगा एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा भी की जा सकेगी । भविष्य में भू-माफिया सम्बन्धी प्रकरणों की समीक्षा प्रदेश/मण्डल/जनपद स्तर पर संलग्न प्रारूप क्रमशः एस-1(प्रदेश-समेकित), एस-2(प्रदेश-विभागवार) व एस-3(प्रदेश-पुलिस)/ सी-1(मण्डल-समेकित) सी-2(मण्डल-विभागवार) व सी-3(मण्डल-पुलिस) एवं डी-1(जनपद-समेकित), डी-2(जनपद-विभागवार) व डी-3(जनपद पुलिस) पर की जा सकेगी जो कि एन्टी भू-माफिया पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वजनित (Auto-generate) किये जा सकेगे व इस हेतु जनपद/विभाग स्तर से सूचनाओं के संकलन की आवश्यकता नहीं रह जायेगी ।

3- अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भूमाफिया व अतिक्रमणकर्ताओं से सम्बन्धित प्रकरणों को दर्ज किये जाने व उनका अनुश्रवण किये जाने के संबंध में निम्नवत कार्यवाही की जाए :-

(3.1) शासनादेश संख्या-504/1-2-2017-1(सामान्य)/2017, दिनांक 20-05-2017 जिसके द्वारा भू-माफियाओं के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अनुश्रवण हेतु 24 प्रपत्र निर्धारित किये गये थे, को अवक्रमित किया जाता है।

(3.2) शासनादेश संख्या-515/1-2-2017-1(सामान्य)/2017, दिनांक 08-06-2017 द्वारा प्रपत्र - 'अ' , 'ब' व 'स' पर सूचना प्रेषित किये जाने के निर्देश दिए गये थे। उक्त शासनादेश को माह अगस्त से अवक्रमित किया जाता है, परन्तु दिनांक 01-05-2017 से दिनांक 31-07-2017 के मध्य प्राप्त भू-माफियाओं संबंधी समस्त शिकायतों व उन पर

http://shasanadesh.up.nic.in

कृत कार्यवाही की सूचना संकलित कर उक्त प्रपत्र 'अ', 'ब' व 'स' पर दिनांक 20-08-2017 तक राजस्व परिषद के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(3.3) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC) द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर भू-माफियाओं से संबंधित शिकायतों की अलग श्रेणी बनाते हुए इस प्रकार की शिकायतों को एन्टी भू माफिया पोर्टल पर प्रत्यावर्तित (divert) किये जाने हेतु विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है। अतः भू-माफियाओं से संबंधित समस्त शिकायतें चाहें वो जिलाधिकारी/मंडलायुक्त/विभागाध्यक्ष अथवा शासन स्तर पर प्राप्त हो अथवा तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त हो अथवा जनसामान्य द्वारा सीधे आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर दर्ज की जाए, वे उक्त विकल्प का प्रयोग करने पर सीधे एन्टी भू-माफिया पोर्टल पर ही प्रत्यावर्तित (divert) करते हुये दर्ज की जा सकेगी । इसके लिए जनपदों को आई0जी0आर0एस0 के संबंधित जनपद के लाग–इन एवं पासवर्ड के माध्यम से एण्टी भू–माफिया पोर्टल पर (access) जाकर भू–माफिया संबंधी शिकायतों को दर्ज करने व उन पर कृत कार्यवाही का विवरण दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गयी है ।

(3.4) आपसे अनुरोध है कि भविष्य में कृपया भू–माफियाओं से संबंधित सभी शिकायतों, चाहे वह किसी भी माध्यम से प्राप्त हो, एण्टी भू–माफिया पोर्टल पर ही दर्ज कराये । इन शिकायतों पर की गयी कार्यवाही का विवरण भी उक्त पोर्टल पर ही अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए । इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि भविष्य में भू-माफियाओं के विरुद्ध कृत कार्यवाही की समीक्षा एवं अनुश्रवण उक्त पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर ही किया जायेगा ।

(3.5) दिनांक 01–05–2017 के बाद भू–माफिया संबंधी ऐसी सभी प्राप्त शिकायतें जो अभी तक एण्टी भू–माफिया पोर्टल पर दर्ज नहीं है, उन्हें एक अभियान चलाकर विलम्बतम दिनांक 31–08–2017 तक एण्टी भू–माफिया पोर्टल पर दर्ज करा लिया जाए । उल्लेखनीय है कि माह सितम्बर 2017 व उसके उपरान्त जनपद/मण्डल/विभाग/शासन स्तर पर एण्टी भू–माफिया टास्क फोर्स द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा संबंधित टास्क फोर्स द्वारा पोर्टल पर Real Time में उपलब्ध सूचना के आधार पर स्वजनित प्रारूपों (क्रमशः एस-1, एस-2 व एस-3, सी-1, सी-2 व सी-3 एवं डी-1, डी-2 व डी-3) पर ही की जायेगी ।

4– कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें ।

<u>संलग्नक:यथोक्त</u>

भवदीय,

(राजीव कुमार)
मुख्य सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या–1/2017/**644(1)/एक–2–2017–रा0–2 तददिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित : –

1– प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।

2– प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन लखनऊ ।

3– मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ ।

4– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ ।

आज्ञा से,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0-एस-1(प्रदेश-समेकित)

माह.....वर्ष.....

क्र0 सं0	जनपद	राजस्व			पी0डब्ल्यू0डी0			सिंचाई			वन			नगर विकास			आवास			अन्य			योग		
		प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26
1	आगरा																								
2	फिरोजाबाद																								
3	मथुरा																								
4	मैनपुरी																								
आगरा मण्डल																									

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0-एस-2(प्रदेश-विभागवार)

विभाग का नाम-राजस्व/लोक निर्माण/सिंचाई/वन/नगर विकास/ आवास एवं शहरी नियोजन/अन्य*

माह.....वर्ष.....

क्र0स0	जनपद	कुल प्राप्त शिकायते (संख्या)	अन्तरित शिकायतें (संख्या)	निस्तारित (संख्या)									अवशेष शिकायतें (संख्या)	एक माह से अधिक लम्बित शिकायतें (संख्या)
				गलत पायी गयी	न्यायालय में विचाराधीन	समझौते के आधार पर निस्तारित	हटाये गये अतिक्रमण/ विधिक कार्यवाही	कुल निस्तारित (5+6+7+8)	अति0 मुक्त क्षेत्रफल (हे0 में)	दर्ज कराये गये राजस्व वाद	दर्ज कराये गये सिविल वाद	दर्ज करायी गयी एफ0आई0आर0		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	आगरा													
2	फिरोजाबाद													
3	मथुरा													
4	मैनपुरी													
आगरा मण्डल														

* 'अन्य' श्रेणी में अवशेष विभागों के कुल प्रकरणों के संबंध में सूचना दर्ज की जायेगी।

विभागवार सूचना भी पृथक से स्वजनित की जा सकेगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–एस–3(प्रदेश–पुलिस)

गृह /पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही

माह.....वर्ष.....

क्र0सं0	जनपद	दर्ज एफ0आई0आर0					चिन्हित भू–माफियाओं की संख्या	दाखिल आरोप पत्र	अन्तिम रिपोर्ट	विवेचनाधीन	गिफ्तारी	अभ्युक्ति
		कुल दर्ज् एफ0आई0आर0 (9+10+11)	आई0पी0सी0	गुण्डा एक्ट	गैंगस्टर एक्ट	अन्य						
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**	**12**	**13**
1	आगरा											
2	फिरोजाबाद											
3	मथुरा											
4	मैनपुरी											
आगरा मण्डल												

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–सी–1(मण्डल–समेकित)

माह.....वर्ष.....

क्र0 सं0	जनपद	राजस्व			पी0डब्ल्यू0डी0			सिंचाई			वन			नगर विकास			आवास			अन्य			योग		
		प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26
1	आगरा																								
2	फिरोजाबाद																								
3	मथुरा																								
4	मैनपुरी																								
आगरा मण्डल																									

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–सी–2(मण्डल–विभागवार)

विभाग का नाम-राजस्व/लोक निर्माण/सिंचाई/वन/नगर विकास/ आवास एवं शहरी नियोजन/अन्य*

माह.....वर्ष.....

क्र0स0	जनपद	कुल प्राप्त शिकायते (संख्या)	अन्तरित शिकायतें (संख्या)	निस्तारित (संख्या)									अवशेष शिकायतें (संख्या)	एक माह से अधिक लम्बित शिकायतें (संख्या)
				गलत पायी गयी	न्यायालय में विचाराधीन	समझौते के आधार पर निस्तारित	हटाये गये अतिक्रमण/ विधिक कार्यवाही	कुल निस्तारित (5+6+7+8)	अति0 मुक्त क्षेत्रफल (हे0 में)	दर्ज कराये गये राजस्व वाद	दर्ज कराये गये सिविल वाद	दर्ज करायी गयी एफ0आई0आर0		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	आगरा													
2	फिरोजाबाद													
3	मथुरा													
4	मैनपुरी													
आगरा मण्डल														

* 'अन्य' श्रेणी में अवशेष विभागों के कुल प्रकरणों के संबंध में सूचना दर्ज की जायेगी।
विभागवार सूचना भी पृथक से स्वजनित की जा सकेगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–सी–3(मण्डल–पुलिस)

गृह /पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही

माह.....वर्ष.....

क्र0सं0	जनपद	दर्ज एफ0आई0आर0					चिन्हित भू–माफियाओं की संख्या	दाखिल आरोप पत्र	अन्तिम रिपोर्ट	विवेचनाधीन	गिफ्तारी	अभ्युक्ति
		कुल दर्ज् एफ0आई0आर0 (9+10+11)	आई0पी0सी0	गुण्डा एक्ट	गैंगस्टर एक्ट	अन्य						
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**	**12**	**13**
1	आगरा											
2	फिरोजाबाद											
3	मथुरा											
4	मैनपुरी											
आगरा मण्डल												

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–डी–1(जनपद-समेकित)

माह.....वर्ष.....

क्र0 सं0	तहसील	राजस्व			पी0डब्लू0डी0			सिंचाई			वन			नगर विकास			आवास			अन्य			योग		
		प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष	प्राप्त शिकायते	निस्तारित	अवशेष
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26
1	सदर																								
2	मोहनलालगंज																								
3	मलिहाबाद																								
4	बक्शी का तालाब																								
5	सरोजनी नगर																								
जनपद लखनऊ																									

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–डी–2(जनपद–विभागवार)

विभाग का नाम-.....*

माह.....वर्ष.....

क्र0स0	तहसील	कुल प्राप्त शिकायते (संख्या)	अन्तरित शिकायतें (संख्या)	निस्तारित (संख्या)									अवशेष शिकायतें (संख्या)	एक माह से अधिक लम्बित शिकायतें (संख्या)
				गलत पायी गयी	न्यायालय में विचाराधीन	समझौते के आधार पर निस्तारित	हटाये गये अतिक्रमण/ विधिक कार्यवाही	कुल निस्तारित (5+6+7+8)	अति0 मुक्त क्षेत्रफल (हे0 में)	दर्ज कराये गये राजस्व वाद	दर्ज कराये गये सिविल वाद	दर्ज करायी गयी एफ0आई0आर0		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1	सदर													
2	मोहनलालगंज													
3	मलिहाबाद													
4	बक्शी का तालाब													
5	सरोजनी नगर													
जनपद लखनऊ														

* यह तालिका विभागवार बनायी जायेगी ।

http://shasanadesh.up.nic.in

ए0बी0एम0पी0–डी–3(जनपद–पुलिस)

गृह /पुलिस विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही

माह.....वर्ष.....

क्र0सं0	थाना	दर्ज एफ0आई0आर0					चिन्हित भू–माफियाओं की संख्या	दाखिल आरोप पत्र	अन्तिम रिपोर्ट	विवेचनाधीन	गिफ्तारी	अभ्युक्ति
		कुल दर्ज् एफ0आई0आर0 (9+10+11)	आई0पी0सी0	गुण्डा एक्ट	गैंगस्टर एक्ट	अन्य						
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**	**11**	**12**	**13**
1	हजरतगंज											
2	कैसरगंज											
3	गोमतीनगर											
4	पी0जी0आई0											
5	महानगर											
जनपद लखनऊ												

http://shasanadesh.up.nic.in